इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय
INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA
कृषक नगर, रायपुर 492 012 (छत्तीसगढ़)
KRISHAK NAGAR, RAIPUR - 492 012 (C.G.)
Phone 0771-2442537, Fax – 0771- 2443939
Email-registrar@igkv.ac.in, Website- igkv.ac.in

क्रमांक / स्था.–03 / 301(03) / 2026 / 2202 रायपुर, दिनांक : 18 / 09 / 2026

//सूचना//

विश्वविद्यालय विज्ञापन क्रमांक / स्था.–03 / 187 / 2024 / 6073 दिनांक 27.12.2024 द्वारा विज्ञापित प्रोग्राम असिस्टेंट (प्लांट पैथोलाजी), प्रोग्राम असिस्टेंट (इन्टोमोलाजी), फार्म मैनेजर (एग्रोनामी / सॉइल साइंस) एवं फार्म मैनेजर (जिनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग) के पद पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु समस्त पात्र अभ्यर्थियों को उनके द्वारा अपलोड़ किये गये दस्तावेजों को मूल प्रति से मिलान हेतु दस्तावेज परीक्षण का कार्य **दिनांक 24 सितम्बर 2026** को आयोजित किया गया है ।

दस्तावेज परीक्षण हेतु अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे निम्नानुसार दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

(अ) क. ऑनलाइन अपलोड़ किए गए सभी मूल दस्तावेजों, प्रशंसा पत्र, रिप्रिंट इत्यादि के साथ–साथ ऑन लाइन जमा किए गए आवेदन पत्र की हार्ड कापी।

ख. समस्त मूल दस्तावेज जो ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए गए हैं यथा मूल निवास, अवार्ड, अनुभव इत्यादि।

ग. समस्त मूल अंकसूची / ट्रांस्क्रिप्ट (जैसे हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी, स्नातक, स्नातकोत्तर)

घ. समस्त मूल उपाधि प्रमाण–पत्र (स्नातक, स्नातकोत्तर)।

ड. आरक्षित श्रेणी (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग) में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, ऐसा न करने की स्थिति में उनके आवेदन को अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत माना जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम आय प्रमाण पत्र (तीन वर्ष से अधिक पुराना नहीं) / गैर क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र की मूल प्रति दस्तावेज परीक्षण के समय भी प्रस्तुत करना होगा। जिसमें असफल होने पर, अभ्यर्थी आरक्षित श्रेणी का लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा।

(ब) दस्तावेज परीक्षण में उपस्थिति होने हेतु कोई टी.ए. एवं डी.ए. देय नहीं होगा।

(स) पूर्व से नियोजित अभ्यर्थियों का यदि आवेदन पत्र उचित माध्यम से प्राप्त नहीं हुआ है तो दस्तावेज परीक्षण के समय अपने वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी ''अनापत्ति प्रमाण पत्र'' एवं ''कोई जॉच नहीं प्रमाण पत्र'' प्रस्तुत करना होगा।

(द) अभ्यर्थी उपरोक्त **बिन्दु (क) से (घ) तक** उल्लेखित दस्तावेजों की एक स्व–प्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा। समिति द्वारा दस्तावेज परीक्षण स्थल पर उपलब्ध कराये गये प्रमाण पत्र सत्यापन सह उपस्थिति प्रपत्र को भरकर साथ में जमा करना होगा।

(इ) क. दस्तावेज परीक्षण हेतु स्थान –**प्रशासनिक भवन, इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषक नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492 012**

ख. तिथि एवं समय – **24 सितम्बर 2026 प्रातः 11:00 बजे से 03.00 बजे तक**

कुलसचिव 18/9/26